महत्वपूर्ण एवं खास

कृषि विभाग में फाल सीलिंग गिरने से एक मजदूर घायल

दो अन्य मजदूर बाल-बाल बचे, सुधार कार्य के दौरान हुआ हादसा

रायगढ़। रायगढ़ के कृषि विभाग कार्यालय में उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब मिटिंग हॉल में लगा फाल सिलिंग भरभरा कर गिर गया और वहां काम कर रहे तीन मजदूरों में से एक मजदूर घायल हो गया और एक मजदूर घायल हो गया। मिटिंग हॉल में काम करने वाले मजदूर ने बताया कि फाल सिलिंग का एक बड़ा हिस्सा पानी के चलते झुक गया था। जिसे निकालने के लिए काम कर रहे थे। तभी पूरा सिलिंग का हिस्सा भरभरा का गिर गया। भारी भरकम सिलिंग के गिर जाने से एक मजदूर घायल हुआ है और उसके दो साथी उसके चपेट में आने से बच गए। कृषि विभाग में घटी इस घटना के मामले में कोई भी अधिकारी कैमरे के साने नहीं आ रहा है। चुंकि बड़ी लापरवाही के चलते फाल सिलिंग गिरने की स्थिति में थी और इसके लिए तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इसी लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

भूतपूर्व सैनिकों व विधवाओं के लिए बैठक 25 को

रायगढ़। एयर कमोडोर ए.एन.कुलकर्णी (से.नि.), संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर की अध्यक्षता में 25 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके विधवाओं के लिए बैठक आहूत की गई है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके विधवाओं तथा आश्रितों से नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

डॉयल 112 के वीडियो के प्रसारण के संबंध में

रायगढ़। सहायक पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें, डॉयल 112 सी-4 रायपुर द्वारा डॉयल 112 के प्रचार-प्रसार एवं आम जनता में डॉयल 112 के संबंध में जानकारी के लिए एक मिनट का वीडियो क्लिप तैयार किया गया है। सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त छबिगृह एवं केबल टीवी संचालकों को उक्त वीडियो क्लिप को नियमित प्रदर्शन कराने हेतु निर्देशित किया है।

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन 26 को

रायगढ़। नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया जाएगा। संचालनालय समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क, पंचायत, आबकारी विभाग एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से रेडियो एवं दूरदर्शन के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही, जनसामान्य की सहभागिता रैली, प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम परिचर्चा, गोष्ठियां, सेमीनार कार्यशाला का आयोजन, नशा पीडितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इस हेतु विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान न करने हेतु प्रेरक उद्बोधन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्थानीय संस्कृति एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

नरवा योजना से हो रहा नाले का उन्नयन

बायसी में डबरी निर्माण, दुलोपाली में चेकडेम, परसानाला में बुलडोजर चेक डेम का कार्य पूर्ण

रायगढ़। रायगढ़ जिले में गर्मी के मौसम में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने एवं बाड़ी में साग-सब्जी के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नरवा योजना के तहत मनरेगा से ग्राम पंचायतों में किसानों के लिए नाले का उन्नयन कार्य करवाया जा रहा है। किसानों के परम्परागत नालों को उन्नयन करने के लिए जोर दिया जा रहा है। आने वाले समय में जल संकट से निपटने के साथ ही खेती-किसानी एवं पेयजल निस्तारी जैसे कार्यों के लिए पानी जैसे उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में बनी रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए डबरी निर्माण, नाला बंधान, तालाब गहरीकरण, चेकडेम, कुआं गहरीकरण के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे है। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के बायसी में डबरी निर्माण, बरमकेला विकासखण्ड के दुलोपाली में चेकडेम, परसानाला में बुलडोजर चेक डेम का कार्य पूर्ण हो चुके है।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के 9 विकासखण्डों में नरवा कार्यक्रम अंतर्गत जिले में जीआईएस मेपिंग के आधार पर 13 नालों का चिन्हांकन किया गया है जिनमें से 122 ग्राम पंचायतों में कार्यों का लक्ष्य 28422 रखा गया है। जिनमें से 26359 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। 2216 कार्य पूर्ण हो चुके है। इस कार्य में कृषि, वन, जल संसाधन विभाग द्वारा सामूहिक क्षेत्रीय कार्य किया जा रहा है। नालों में पुसौर विकासखण्ड के केन्दवाई, केनसरा, सबकेलो नाला, सारंगढ़ विकासखण्ड के बेलपाली, बरमकेला के जीरानाला, धरमजयगढ़ के चीनीनाला, परसनाला, घरघोड़ा के कछार नाला, तमनार का चीनीनाला, रायगढ़ के चक्रधरपुल नाला, खरसिया का पीडीझर नाला, दनतारा नाला, सपनई नाला, धरमजयगढ़ के कोड़ासिया नाला शामिल है। नरवा नाला के अंतर्गत एमआईटी, बोल्डर चेकडेम, ब्रशवुड चेकडेम, सिल्ट ट्रेप, स्थायी स्टाप डेम, डाईक, डाईक कम बोल्डर चेक, नाला पाथ ट्रीटमेंट सरचनाएं शामिल है।

बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ने अज्ञात कारणों से घर के सिलिंग फंखे में फांसी लगाई

» शहर के धांगरडीपा की घटना

रायगढ़। शहर के धांगरडीपा में रहने वाली डिग्री कॉलेज की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे पर से अतारा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धांगरडीपा में रहने वाली छात्रा मीनाक्षी साहू ने आज अज्ञात कारणों से आज अपने घर के सीलिंग पंखे में साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या की है। बाताया जा रहा है कि पांच बहनों में मृतिका मीनाक्षी साहू सबसे छोटी थी। छात्रा डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत थी और बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जूट गई है।

जिंदल ने अब तक नहीं किया भू -विस्थापितों को पुर्नविस्थापित

» सराईपाली के ग्रामीण हुए लामबंद

रायगढ़। रायगढ़ सरयपाली गांव के भू विस्थापितों का अब तक कोई भी व्यवस्था जिंदल प्रबंधन नहीं करा पाया है। यहां के ग्रामीण पार्षद पंकज पटेल की अगुवाई में धावा बोले थे तब उन्हें पांच दिवस के भीतर व्यवस्था करने का मौखिक आश्वसन दिए थे। लेकिन आज मियाद खत्म है और ग्रामीणों का आक्रोश उबल रहा है लिहाजा यहां कभी भी धरना व आर्थिक नाकेबंदी की कार्यवाही हो सकती है।

सरायपाली के ग्रामीण जो 2005-06 में गांव के विस्थापन में प्रभावित हुए ग्रामीण जिनका शासकीय रिकार्ड भी है जिंदल का घेराव करने युवा पार्षद पंकज .पटेल के नेतृत्व मे गए थे। सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों को देखकर जेएसपीएल के अधिकारी इन्हें पांच दिवस में इनकी मांगों पर विचार करने का समय मांगे थे। लेकिन आज तक कोई भी पहल नहीं हुई । सरायपाली गांव के ग्रामीण आज़ पार्षद पंकज पटेल से वार्ता कर आगे की रणनीति बनाएंगे। दस मांगों में प्रमुख रूप से प्रभावित परिवार के सदस्यों को नौकरी . गांव व स्कूल में पानी की टंकियां बनवाना , श्मशान घाट शेड .सड़क .स्कूल अहाता निर्माण और अन्य मांगे समाहित है। जिंदल प्रबंधन जल्द ही यहां के ग्रामीणों की बातों को नहीं माने तो यहां पर जो आंदोलन होगा वो जबरदस्त होगा।

ग्रामीण को नही मिली सरकारी मदद तो युवा संकल्प ने बढ़ाया हाथ

रायगढ़। बरमकेला जनपद के अंदर ग्राम पंचायत खैरगढी एक ऐसा गाव है जिसे अतिपिछडा कह सकते हैं यहां शासकीय कर्मचारी के नाम से सिर्फ दो शिक्षक हैं इसके अलावा और शासकीय कर्मचारी नही है सभी क्षेत्र मे बिजली,पानी, स्वास्थ्य, सडक, रोजगार ,शिक्षा हर क्षेत्र मे पिछडा हुआ है यहां पर एक परिवार है संतोष चौहान उम्र 50 वर्ष जिसके परिवार मे चार सदस्य रहते है पत्नी उम्र 45 बेटा 25 वर्ष मां 75 वर्ष बाप और बेटा दोनो ही शारिरिक रूप से पूरी तरह से विकलांग है जो चलने फिरने बात करने मे अक्षम हैं और मां वृद्ध हो चूकी है और पत्नी इनकी सेवा मे दिन भर लगी रहती है शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार का भरण-पोषण सिर्फ राशनकार्ड से प्राप्त राशन से इनका सिर्फ आधे दिन का गुजारा भी मुश्किल से चल पाता है इस दूखी और असहाय परिवार की स्थिति को देखते हुए खैरगढी युवा संकल्प संगठन के सदस्यों द्वारा इनके घर को जाकर इनकी स्थिति को जाना और फैसला लिया कि हम सभी युवाओ द्वारा अपने घरों से एक-एक मुठ्ठी चावल तथा दाल,

शक्कर, हलदी ,मिर्च ,चाय पती, तथा कुछ आर्थिक सहयोग करेंगे और कल सभी युवाओ द्वारा संतोष चौहान के घर जाकर उनके महिने भर का खाने पीने की सामग्री प्रदान किया गया युवाओ ने कहा कि वो हर महिने इस तरह की खाद्य पदार्थ इस परिवार को प्रदान करेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं वीगत एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृपा टी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कल कि संघ के पास सामाजिक अन्याय झेलने वाले मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेवसाइट, मोबैल, पत्रिकाओं के उन्नयन के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी टीमों के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480